आना मेरा स्वीकार करो | By Rakesh Radhe

खाटू के श्याम बाबा
आना मेरा स्वीकार करो
हे गिरधर गोपाला
आना मेरा स्वीकार करो
आना मेरा स्वीकार करो...4
खाटू के श्याम बाबा......

श्याम मेरे श्याम, जय जय श्याम, जय श्री श्याम

सब कुछ हार कर आया हूं मैं
श्याम धणी तेरे द्वारे
रखना लाज शरण आए की
ओ हरे के सहारे....2
दीन दुखी अनाथों पर श्याम...2
तुम उपकार करो....2
खाटू के श्याम बाबा......

अच्छा बुरा भला जैसा भी हूं
हूं मैं नाथ तिहारो
डूब ना जाऊं बीच भंवर में
पकड़ के हाथ उभारो....2
दया दिखाकर दया निदाना....2
बेड़ा पार करो....2
खाटू के श्याम बाबा......

तेरे सिवा यहां कौन है मेरा
जिसको हाल सुनाऊं
तूने ही मुख मोड़ लिया तो
और कहां मैं जाऊं.....2
तेरा ही हूं मैं सांवरिया....2
नफरत करो या प्यार करो
खाटू के श्याम बाबा......
मां अहलवती के लाला
आना मेरा स्वीकार करो

श्याम मेरे श्याम, जय जय श्याम, जय श्री श्याम

दिल की लगी को क्या कोई जाने
मैं जानू या तू जाने
आया है किस हाल में राधे
सब कुछ तो है जाने...2
भाव भजन में जो भी लाया....2
तुम स्वीकार करो....2
खाटू के श्याम बाबा
आना मेरा स्वीकार करो
हे गिरधर गोपाला
आना मेरा स्वीकार करो

खाटू के श्याम बाबा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-rakesh-radhe/